तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 बसस्टैंड में फैली अव्यवस्था, यात्री हो रहे परेशान



12 भूले बिसरे सुरमयी गीतों ने दर्शकों का मन मोहा



## खबर संक्षेप

### बालोदगहन की मड़ई आज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम बालोदगहन में मड़ई 21 दिसम्बर शनिवार को रखी गई। सरपंच पुरंजन यादव, दिनेश साहू ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन किया जायेगा।

### हंचलपुर में जयंती मड़ई कल, नाचा भी होगा

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम हंचलपुर में सतनाम परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 22 दिसंबर रविवार को ग्राम हंचलपुर में गुरु घासीदास जयंती पर मड़ई का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे सतनाम के संदेश के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। 2 बजे पंथी पार्टी ग्राम तिल्दा गुंडरदेही का कार्यक्रम होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जिर्रा टोला अंबागढ़ चौकी का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष डिसेन चंदेल, गौतम बंजारे, रामदयाल माथुर ने दी है।

### बलियारा में 22 को मनेगी घासीदास जयंती

**धमतरी।** सतनामी समाज ग्राम बलियारा द्वारा 22 दिसंबर रविवार को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि



ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता लता मारकंडे जज बिलासपुर होंगी। विशिष्ट अतिथि कपिल देशलहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, मणिकांत जोशी जिला सचिव, रामेश्वर कुर्रे, राजेंद्र भारती, भगवान सिंह सोनवानी, दिलेश्वरी मारकंडे, हीरालाल ध्रुव सरपंच बलियारा होंगे। इस अवसर पर ज्ञान धारा पंथी पार्टी ग्राम डूमरडीह दुर्ग द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### 27 से परसुली में तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** ग्राम परसुली में वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंडल व ग्रामवासियों के सहयोग से 27 से 29 दिसंबर तक तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा महापुराण का कार्यक्रम रखा गया है। कथा वाचक पीतांबर महाराज होंगे। आयोजन समिति के जीवनलाल साहू, होमन सोनवानी, नरेश साहू ने ग्रामीणों से अक्षय पुण्य का भागीदार बनने की अपील की है।

### ईर्रा में 31 को होगी मड़ई

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत ईर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी पचपेड़ी मोखा का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याणसिंह साहू, डॉ. अजय साहू, राधेलाल, महेश साहू, सुरेंद्र साहू, महेश जुटे हुए हैं।

### चंदनबिरही में मड़ई मेला 9 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चंदनबिरही में 9 जनवरी गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि को साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। 11 एवं 12 जनवरी को रामचरित मानसगान सम्मेलन होगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश उईके, सचिव राजू साहू ने बताया कि सम्मेलन में छग की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष हेमप्रकाश गंजीर, सचिव शंकर सांहड़ा, हरखराम साहू, पीताम्बर साहू, मोतीराम, पुनीतराम साहू सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

---

मेन गेट पर खड़े होकर बैरिकेड्स तोड़े, जमकर की नारेबाजी

# भाजपाइयों ने राजीव भवन का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर को लेकर दिए गए बयान ने भाजपा- कांग्रेस की राजनीति गर्म कर दी है। शुक्रवार को भाजपाइयों ने कांग्रेस पार्टी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। जमकर नारे लगाए। गेट के अंदर घुसने के लिए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए। मेन गेट पर ताला लगने की वजह से भाजपाई दीवारों और दरवाजों पर चढ़कर खूब धमाचौकड़ी मचाई। पुलिस बल को कार्यकर्ताओं ने खूब छकाया। घंटे भर चले इस प्रदर्शन में पुलिस और कार्यकर्ताओं में बीच तीखी झड़प हुई। इधर भाजपाइयों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए राजीव भवन के परिसर में कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता डॉ. अम्बेडकर और गांधीजी के चित्र लिए खड़े थे। गेट नहीं खुलने से कार्यकर्ता वापस आ गए।





प्रदर्शन के दौरान पुलिस के कुछ जवान व कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं। बता दें कि गुरूवार को कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अम्बेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाया था। इधर भाजपाइयों का आरोप है कि गृहमंत्री के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है जिससे गृहमंत्री और भाजपा की छवि खराब हुई है। भाजयुमो अध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि भारत की आत्मा हमारे संविधान में बसती है। उनके सिद्धांतों को कांग्रेस पार्टी ने धूमिल किया है और भाजपा को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया है।

युवा मोर्चा मंडल सूरज शर्मा ने कहा कि गृहमंत्री श्री शाह ने कांग्रेस के काले चिट्ठे को उजागर किया है। देश की जनता ने कांग्रेस की करतूत को देख लिया है।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रकला पटेल, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, महेन्द्र पंडित, विनोद राव रणसिंह, पार्षद धनीराम सोनकर, प्रकाश सिन्हा, हेमंत बंजारे, बिसन निषाद, ईश्वर सोनकर, श्यामा साहू, मिथिलेश सिन्हा, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, अशोक सिन्हा, अवनेन्द्र साहू, शुभम यदु, जय हिन्दूजा, देवेश अग्रवाल, रिंकी गनवानी, दिग्विजय ध्रुव, चिराग आथा, ओमेश यादव, पवन गजपाल, धनेन्द्र साहू, गोपाल साहू, वीरू साहू, नम्रता पवार, नीतू त्रिवेदी, गायत्री सोनी, रितेश मिश्रा, सुभाष चन्द्राकर, अभिषेक शर्मा, उमेश महाजन, शुभांक मिश्रा, विशाल त्रिवेदी, कोमल सार्वा, देवेश साहू, निप्पी सिंग, कुलेश सोनी, रिंकू सेन, बलराम गुप्ता, पंकज गौतम, तुषार देव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

### एफआईआर के लिए आवेदन देंगे : शरद

कांग्रेस कार्यालय के गेट के सामने प्रदर्शन करने पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि लोकतंत्र में सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर सकते हैं, जिसमें किसी का अहित न हो लेकिन भाजपा ने अमर्यादित रूप से प्रदर्शन किया है। कांग्रेस कार्यालय के मेन गेट को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया है। कांग्रेस भवन के परिसर में खड़े कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर पानी के छींटे फेंके गए। पुलिस कर्मियों को भी चोटें आई हैं। इसकी एफआईआर कराने शुक्रवार को एसपी से मिले। शनिवार को आवेदन देकर एफआईआर करवाई जाएगी।

### पीएमश्री स्कूल बठेना में गणित दिवस आज

**धमतरी।** आज शनिवार को पीएमश्री एमआरडी गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बठेना में जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाएगा। प्राचार्य एन. पांडे ने बताया कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस 22 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा सन 2012 में राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया गया है। छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद के तत्वावधान में जिला शिक्षा विभाग धमतरी द्वारा जिला स्तरीय गणित दिवस आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को पीएम स्कूल बठेना में जिले के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### पुरी में कबड्डी 22 से

**पुरी।** ग्राम पुरी में जय मां शीतला कबड्डी दल द्वारा राज्यस्तरीय डे-नाइट कबड्डी का आयोजन 22 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 10024 रु., द्वितीय 7024 रु., तृतीय 5024 रु. एवं चतुर्थ पुरस्कार 3024 रु. दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 301 रुपये है। तैयारी में हेमंत साहू, हमेश्वर नेताम, रामस्वरूप, शंकरलाल निर्मलकर, कमलकांत, सागर नेताम जुटे हैं।

# गंगरेल हत्याकांड का खुलासा : हेलमेट से की थी दोस्त की हत्या

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक दोस्त आपसी रंजिश को लेकर अपने दोस्त को गंगरेल बुलाया और हेलमेट से उसकी हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रूद्री थाना क्षेत्र के गंगरेल इलाके में मावनवन के आगे सड़क किनारे 3 दिसंबर को एक मोटरसाइकिल के लावारिस हालत में खड़े होने की पुलिस को सूचना मिली। रूद्री पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल की पतासाजी शुरु कर दी। मोटरसाइकिल में लगे स्टीकर व नेमप्लेट के आधार पर हर्ष आटो



नगरी से पूछताछ की गई। उक्त मोटरसाइकिल बीरेंद्र देवांगन की पाई गई। बीरेंद्र देवांगन पिता गिरधारीलाल उम्र 55 वर्ष ग्राम पदमपुर थाना सिहावा निवासी का 3 दिसंबर को गुमइंसान दर्ज किया गया था।

लावारिस हालत में मोटरसाइकिल मिलने व सिहावा थाना में उक्त व्यक्ति के गुमइंसान दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद रूद्री पुलिस व साइबर की टीम उक्त व्यक्ति की तलाश कर रही थी। इसी दौरान 6 दिसंबर की सुबह पुलिस टीम को मानव वन व शिवा रिसार्ट के बीच नर्सरी जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की आशंका के चलते रूद्री थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा 103/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई।

रूद्री पुलिस व साइबर की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति सुखवंत साहू उर्फ सुखु को पकड़कर सात दिनों तक कड़ाई से पूछताछ की। लंबी पूछताछ के बाद आखिर संदेही टूट गया और अपने दोस्त बीरेंद्र देवांगन को आपसी रंजिश के चलते उसके सिर पर हेलमेट से वारकर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी सुखवंत साहू उर्फ सुखु पिता खुमान सिंह उम्र 37 वर्ष ग्राम धनोरा जिला दुर्ग निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, रूद्री थाना से एएसआई उमेश शुक्ला, प्रआ संतेरसिंह सोरी, बिरेंद्र लारेंद्र, आरक्षक प्रदीप ठाकुर, साइबर सेल से प्रआ लोकेश नेताम, योगेश ध्रुव, कमल जोशी, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, फनेश साहू, विकास द्विवेदी, आनंद कटकवार, योगेश नेताम, दीपक साहू, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर व किशोर देशमुख का योगदान रहा।

# नशे में धुत देवर ने की भाभी की हत्या

- खैरवाही की घटना : पुरानी रंजिश बना हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर में चावल साफ कर रही बुजुर्ग भाभी पर नशे में धुत देवर ने लकड़ी से हमलाकर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस व परिजनों के अनुसर घटना चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवाही की है। सतारोबाई मंडावी पति कंवलसिंह उम्र 75 वर्ष निःसंतान हैं। वृद्धा ने भागीरथी मंडावी उम्र 36 वर्ष को गोद लिया था। गोदपुत्र भागीरथी कांकेर जिला पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वृद्धा व उसके देवर तुलसीराम मंडावी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। गुरुवार को भागीरथी डयूटी में कांकेर चला गया। दोपहर में वृद्धा घर के किचन में बैठकर चावल साफ कर रही थी। इसी दौरान तुलसीराम मंडावी नशे में धुत होकर अपनी भाभी के घर पहुंच गया और पुरानी रंजिश को लेकर चावल साफ कर रही भाभी के सिर व चेहरे पर लकड़ी से ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। हमले से वृद्धा का सिर फट गया। घटना के बाद देवर तुलसीराम मौके से फरार हो गया।



घटना की सूचना गांव के हंसाराम मंडावी ने फोन पर गोदपुत्र भागीरथी को दी। भागीरथी अपने प्रभारी को बताकर सरकारी अस्पताल चारामा पहुंचा। वृद्धा को वहां से रिफर किए जाने पर उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। वहां से गुरुवार की रात्रि रिफर कर देने पर एम्बुलेंस से रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान अभनपुर के पास घायल वृद्धा ने दम तोड़ दिया। मृत होने की आशंका के चलते एम्बुलेंस को अभनपुर से वापस धमतरी जिला अस्पताल लाया गया। तब तक शुक्रवार की सुबह हो गई थी। जिला अस्पताल में डाक्टर ने चेकअप के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

# तीन बदमाशों को किया गया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया है। सालभर में जिले से अब तक 10 गुण्डा-बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है।

- अब तक 10 गुण्डा-बदमाशों पर की जा चुकी है कार्रवाई

नगरीय निकाय व ग्रामीण निकाय का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने गुण्डा-बदमाशों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधी वेदप्रकाश उपाध्याय पिता शंकरलाल उम्र 29 वर्ष निवासी महिमासागर वार्ड, हितेश नेताम पिता स्व. शंकरलाल नेताम 23 वर्ष मकेश्वर वार्ड निवासी व







मुकेश सोनकर पिता राधेश्याम 22 वर्ष कारगिल चौक महिमासागर वार्ड निवासी को जिलाबदर किया है। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5-क,-ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तीनों बदमाश को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग व कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिला बदर का आदेश पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने तीनों बदमाश को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने व एक वर्ष की अवधि के पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर बदमाशों पर वैधानिक कार्रवाई कर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल देने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद जिलाबदर बदमाश इस आदेश का उल्लंघन करे तो उनके खिलाफ छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### शेष पांच बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

जिला दण्डाधिकारी के समक्ष वर्ष 2024 में कुल 15 गुण्डा-बदमाशों के खिलाफ जिला बदर के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें से अब तक 10 बदमाशों पर जिला बदर की कार्रवाई की जा चुकी है। शेष पांच बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### विजय दिवस कल मनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा 22 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में विजय दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा होंगे। अध्यक्षता डा. सुमीत गुप्ता समाजसेवी करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस जिला भाजपा अध्यक्ष, निर्मल बरड़िया पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष, दीपक ठाकुर समाजसेवी, रूपेंद्र साहू पूर्व नौसैनिक होंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में केपी साहू, मनेशगिरी गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, मुरारीलाल साहू, अशोक वर्मा, सोनू भगत जुटे हुए हैं।

जिले के इस अनोखे कार्यक्रम में लगातार बढ़ रही बच्चों की संख्या

# स्वर्ण प्राशन से पुष्ट हो रहा देश का भविष्य

## कई बच्चों की सेहत में आया आश्चर्यजनक सुधार, इनका हो रहा रिकार्ड मेंटेन

### केस 1

परेवाडीह में एक बच्चा जन्म से ही सेलब्रल पाल्सी बीमारी से ग्रसित था। डॉक्टर इसे असाध्य बीमारी मानते हैं। दिल्ली के डॉक्टरों ने भी इस बच्चे का स्वस्थ हो पाना नामुमकिन बताया। तब माता -पिता ने आयुर्वेद की शरण ली। आयुष पाली क्लिनिक में नियमित स्वर्ण प्राशन करवाया। आज वह बच्चा 80 प्रतिशत ठीक हो चुका है।



### केस 2

परेवाडीह की ही एक बालिका जन्म से ही कुपोषण का शिकार थी। इस बीच उसे पीलिया भी हो गया। बीमारी के चलते उसका मानसिक विकास नहीं हो पाया था। डेढ़ साल की उम्र में वह बैठ भी नहीं पा रही थी। उसे भी माता -पिता ने नियमित स्वर्ण प्राशन करवाया। आज वह शत -प्रतिशत ठीक हो चुकी है। खुद के पैरों पर दौड़ती है।

### बढ़ रही बच्चों की संख्या

कलेक्टर मैडम के सहयोग से स्वर्ण प्राशन बेहतर ढंग से चल रहा है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिन ब दिन यहां स्वर्ण प्राशन का लाभ लेने वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही है। स्वर्ण प्राशन के लिए बच्चों की कोई लिमिट नहीं है। जितने भी बच्चे आएंगे, सभी को दवा पिलाने की व्यवस्था है।

- डॉ. अवध पचौरी, *आयुष पालीक्लिनिक*

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्च 2023 में आयुष विभाग के डॉक्टर अवध पचौरी की पहल पर जिले में स्वर्ण प्राशन की शुरूआत की गई। कलेक्टर नम्रता गांधी ने इसके लिए भरपूर मदद की। डीएमएफ मद से 2 लाख रुपए का फंड भी जारी किया गया। स्वर्ण प्राशन की शुरूआत मात्र 10 बच्चों से की गई। इससे मिलने वाले बेहतर रिजल्ट को

⏩ शेष पेज 11 पर

### फंड से मिली मदद

स्वर्ण प्राशन धमतरी आयुष विभाग का महती प्रोजेक्ट है। जिले का कार्यक्रम होने के कारण इसके लिए फंड भी जिला स्तर पर जुगाड़ना पड़ रहा है। इसके लिए कलेक्टर ने पहल करते हुए डीएमएफ मद से 2 लाख रुपए का बजट दिया है। इस बजट का उपयोग स्वर्ण प्राशन की दवा बनाने में किया गया। कर्मचारी और डॉक्टर आयुर्वेद विभाग के इस कार्यक्रम में जुड़े हुए हैं।

### गुरुवार को लगा रहा मेला

स्वर्ण प्राशन हर पुष्य नक्षत्र में करवाया जाता है। ऐसे में हर 27 दिन बाद बच्चों को यह दवा पिलाई जाती है। जिला न्यायालय के पीछे स्थित आयुष पालीक्लिनिक में बुधवार और गुरुवार को स्वर्ण प्राशन करवाया गया। यहां पर दवा पीने के लिए बच्चों का मेला लगा हुआ था। इससे पालीक्लिनिक का माहौल खुशनुमा हो गया है। इसके अतिरिक्त गुरुवार होने के कारण सियान जतन कार्यक्रम भी था जिसके चलते बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक भी इलाज के लिए पहुंचे थे।

# मंदिर के पास तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शीतला मंदिर के पास तलवार लहराकर लोगों को धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से नयापारा वार्ड में शीतला मंदिर के पास राजवीर सिंग मेहरा उर्फ गिन्नी द्वारा तलवार लहराकर आने-जाने वालों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल नयापारा वार्ड पहुंची, जहां शीतला मंदिर के पास राजवीर सिंग मेहरा उर्फ गिन्नी तलवार लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर तलवारबाज युवक को पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक धारदार तलवार जब्त की। पुलिस ने आरोपी राजवीर सिंग मेहरा उर्फ गिन्नी पिता सुखबीर सिंग उम्र 19 वर्ष रिसाईपारा निवासी को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

# भीतरराास में ग्रामीण के घर से इमारती लकड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत भीतरराास के गढ़ियापारा में वन विभाग की उड़नदस्ता टीम एवं सामान्य वन मंडल बिरगुड़ी ने छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी जब्त की है। टीम ने गढ़ियापारा में चंद्रभान देव पिता राधेश्याम देव के घर में छापामार कार्रवाई की। जिसमें विभिन्न प्रजाति की लकड़ी सागौन, बीजा, साल समेत लकड़ी काटने के कई औजार बरामद किए गए।

बताया जाता है कि उस व्यक्ति कई साल से जंगल से इमारती लकड़ी लाकर क्षेत्र में सप्लाई कर रहा था। मुखबीर की सूचना पर बड़ी कामयाबी मिली है। आरोपी चंद्रभान देव पिता राधेलाल देव के विरुद्ध विभाग द्वारा पंचनामा कर वन अधिनियम के तहत की कार्रवाई की जा रही है। टीम ने रेंदा मशीन 1 नग, ग्लेडर मशीन 1 नग, सिकंजा हथौड़ी पटासी 6 नग, बिढ़ना 7, गुनिया फावड़ी आरी 3 नग, रेंदा छोटा सिकंजा 2 नग, बसुला 1 नग, ड्रीलबिड चांदा 1, आरी फ्रेम तितली पलिस चिमदा चेयन कटर मशीन 3 नग, ड्रील मशीन 2 नग, कटर मशीन 3 नग जब्त की गई। आरोपी चंद्रहास देव पिता राधेलाल देव उम्र 40 वर्ष ने बताया कि वह बढ़ाई मिस्त्री का काम करता है। दूसरे लोगों ने लकड़ी से सामान बनाने के लिए दिया था जिसे मैं रखा था।



उपवन क्षेत्रपाल ज्ञानचंद कश्यप ने बताया कि मुखबीर से कुछ दिनों पहले सूचना मिली थी। उसके बाद संयुक्त वन मंडल की टीम ने दलबल के साथ शुक्रवार को दोपहर 3 बजे गढ़ियापारा में छापामार कार्रवाई की। उसके घर से कई इमारती लकड़ी जब्त की गई। इस कार्रवाई में एससीएफओ ज्ञानचंद्र कश्यप, सीएफओ उमेश सिंग, बीएफओ प्रियंका शर्मा, सामान्य वनमंडल बिरगुड़ी कर्मचारी अमित पटेल, रोहित पटेल, लोमश साहू, राम कश्यप, बलीराम नेताम, प्रसाद ठाकुर समेत वन विभाग बिरगुड़ी की टीम शामिल रही।

## खबर संक्षेप



### हाईस्कूल नारी में सुशासन दिवस पर हुई रंगोली स्पर्धा

**सिर्री।** विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शाउमावि नारी में सुशासन दिवस मनाया गया। स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने स्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाईस्कूल प्रांगण में विभिन्न रंगों का उपयोग कर रंगोली सजाई गई। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष शेषणारायण दुबे, प्राचार्य प्रहलाद ध्रुव एवं विनोद दीवान, एनके अवस्थी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

### दर्री में मड़ई 31 को

**धमतरी।** ग्राम दर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए होच्चेटोला राजनांदगांव का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी विशु चक्रधारी, कन्हैयालाल साहू, तुलेश्वर साहू व जोगेश्वर साहू ने दी है।

### स्पेशल एजुकेटर के लिए वॉक इन इंटरव्यू 26 को

**धमतरी।** जिले में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं के लिए धमतरी और नगरी विकासखण्ड में रिक्त स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर भर्ती की जायेगी। कलेक्टर एवं मिशन संचालक नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वीकृत पद के लिए 26 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार रूद्री रोड स्थित विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय (बीआरसीसी) धमतरी में आयोजित किया जाएगा।

### निधन

### जोहतराम साहू

**मगरलोड।** ग्राम कपालफोड़ी निवासी जोहतराम साहू उर्फ लीलाराम साहू उम्र 86 वर्ष का निधन 20 दिसंबर शुक्रवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र सुकदेव साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

# जिले में साइबर क्राइम के हर महीने 10 केस सामने आ रहे : विजय

- कुरूद कालेज में साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट एवं ऑनलाइन ठगी पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में रासेयो इकाई के तत्वावधान में साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट एवं ऑनलाइन ठगी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि इंटरनेट एवं विभिन्न सोशल वेबसाइट के माध्यम से जो डिजिटल आपराधिक गतिविधियां होती है, उसे साइबर क्राइम कहते हैं। आये दिन लोग साइबर क्राइम का शिकार होते हैं। ऐसी स्थिति में इससे बचने के लिये जागरूकता की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने साइबर क्राइम से छात्र-छात्राओं को सतर्क करते हुए कहा कि साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले अपराधी वेल ऐजुकेटेड, स्मार्ट और वेल ट्रेंड होते हैं जिससे पढ़े लिखे लोग भी उनके झांसे में आकर उनका शिकार हो जाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अज्ञात लिंक को टच न करने, अपना ओटीपी किसी के साथ शेयर न करने तथा सोशल साइट एवं ऑनलाइन साइट से सतर्क रहकर खरीदी करने की बात कही। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी बताया।

विजय कुमार कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कहा कि धमतरी जिले में साइबर क्राइम के हर महीने 10 केस सामने आ रहे हैं। यह चिंता का विषय है। इससे बचने के लिये जागरूकता की आवश्यकता है। आभार प्रदर्शन डॉ विक्रम सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने किया। मौके पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, टीआई अरुण साहू, बीआर देवांगन ग्रंथपाल, कौस्तुभ तिवारी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

### गिरौद में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**मगरलोड।** ग्राम गिरौद में जय नरसिंग नाथ कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 21 दिसंबर को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 12001 रूपये, द्वितीय 8000, तृतीय 4001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है। बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर में 301 रूपये आकर्षक इनाम दिया जायेगा। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। शुभारंभ के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य कुसुमलता साहू, जनपद सदस्य नंदनी साहू होंगे। अध्यक्षता यशोदा नागरची सरपंच गिरौद करेंगी। विशिष्ट अतिथि भूखन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, रमेश निषाद ग्रामीण सचिव, यादराम साहू शिक्षक, भूषण साहू सरपंच सौंगा होंगे। आयोजन की तैयारी में शत्रुहन निषाद, केशो निषाद, भीम निषाद, जीवराखन निषाद, रवि निषाद, राजकुमार निषाद जुटे हुए हैं।

# कुरूद विस में 40 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

- सुशासन के एक साल पर 23 को जिले की तीनों विधानसभा में आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धमतरी जिले के तीनों विधानसभा मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित करने के लिए 23 दिसम्बर को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि धमतरी विधानसभा में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे नगर पालिक निगम सामुदायिक भवन, कुरूद विधानसभा में नई कृषि उपज मंडी कुरूद तथा विधानसभा नगरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर नगरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही कुरूद विधानसभा में सुशासन कार्यक्रम के साथ-साथ 40 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह भी सम्पन्न होगा। इसके साथ ही बिटिया सम्मान, आधार कैम्प, सुकन्या समृद्धि खाता खोलने हेतु कैम्प, प्रश्नोत्तरी, सफलता की कहानी, बाल विवाह मुक्त धमतरी हस्ताक्षर अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान, महिलाओं के मनोरंजन के लिए कुर्सी दौड़ आयोजित की जायेगी।

# भोथीडीह सोसाइटी में हुआ किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह में कृषक सम्मान सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि घनश्याम पटेल थे। अध्यक्षता शत्रुघ्न साहू सोसायटी अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, भोजराम साहू, ईशु साहू थे। अतिथियों ने कृषक कानूनराम पटेल, अरूण कंवर, कृपाराम साहू, फगुवाराम साहू, रामसिंग कंवर, केदार साहू का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम को चुन्नीलाल ध्रुव, मोहन ध्रुव, घनश्याम पटेल, शत्रुघ्न साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर नारायण साहू, बलराम साहू, मोहन साहू, गोविंद सिन्हा, नंदू देवांगन, समिति प्रबंधक ईश्वरलाल सिन्हा, लिपिक नेपालराम साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर गजेंद्र साहू, परमानंद देवदास, नंदकुमार साहू, देवनारायण निषाद, त्रिलोक कंवर, विजय साहू, निखिल, लुकेश साहू, गैंदराम साहू उपस्थित थे।

# पुत्र जन्मोत्सव पर शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

- जोरातराई स्कूल के बच्चों ने बड़ा-पूड़ी के साथ चखा पनीर सब्जी का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देश के बाद से ही शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोरातराई (सि) में न्योता भोज का कार्यक्रम अनवरत जारी है। कुरुद विकासखंड का यह एक मात्र ऐसा स्कूल है जहां न्योता भोज कराने वालों की लाइन लगी हुई है। प्रतिमाह कोई न कोई ग्रामीणजन अपने किसी उत्सव पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज करा रहे हैं।

इसी तारतम्य में प्राथमिक शाला की शिक्षिका मीनाक्षी खिलारी ने अपने प्रथम पुत्र के जन्मोत्सव पर संयुक्त रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला अंतर्गत कक्षा पहली से लेकर कक्षा 8वीं तक के छात्र छात्राओं और स्टाफगण को बड़ा-पूड़ी, पनीर, आलू गोभी की सब्जी बनाकर न्योता भोज कराया। न्योता भोज खाकर सभी बच्चे प्रसन्नचित हुए।

इस अवसर पर सरपंच सविता गंजीर, हाईस्कूल प्राचार्य दयालुराम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला अध्यक्ष टिकेश्वर मेश्राम, पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष यीशुकुमार साहू, प्रधानपाठक सुदामाराम साहू, चंद्रशेखर साहू, शिक्षकगण गोकुलेश्वर साहू, अनुभव सोनबेर, थानुराम साहू, ओमप्रकाश साहू, ओपी मिथलेश, दीपिका यादव, दुर्गेश्वरी सोनबेर, नेमसिंह, सनतकुमार साहू, हिलेश साहू, संगीता भूआर्य के अलावा बिसौहाराम साहू, सफाईकर्मी दयानंद साहू, विनोद साहू, रसोइया सहायिका शिवकुमारी साहू, जगोती यादव, जमुना साहू, अश्वनी साहू शामिल हुए।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

- वक्ताओं ने अपने जिले व ब्लॉक इकाईयों में संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



पेंशनर्स एसोसिएशन छग का जिला स्तरीय स्थापना दिवस भैंसमुंडी स्थित साहू सदन में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की बालिकाओं ने राजकीय गीत तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र नाग जिलाध्यक्ष धमतरी ने की। अन्य अतिथि यशवंत देवान प्रांतीय अध्यक्ष, गंगाप्रसाद साहू पूर्व प्रांत अध्यक्ष, दीनदयाल साहू, त्रिभुवनलाल साहू , विद्यादेवी साहू व नीतू खिलावन साहू नपं अध्यक्ष थे। एनआर साहू ने संगठन की गतिविधियों का उल्लेख किया। बताया कि किसी सदस्य के निधन पर आश्रित परिवार को 10 हजार रुपए की तात्कालिक सहयोग राशि, पारिवारिक पेंशन पत्नी के नाम तैयार करना, 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अधिक पेंशन की राशि दी जाती है।

कार्यक्रम में डीएस नकारा को याद किया गया। कार्यक्रम में छग के लगभग 16 जिले से पेंशनरों का आगमन हुआ। वक्ताओं ने पेंशनरों की समस्याओं पर सबका ध्यान आकृष्ट कराया। शासन की ओर से 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए संचालित आयुष्मान वंदन योजना की जानकारी दी गई। स्व. विश्राम सिंह सोनेन्द्र भैंसमुंडी को भी याद किया गया। वक्ताओं ने अपने जिले व ब्लॉक इकाइयों में संचालित योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। सभा को यशवंत देवान, आरडी साहू, भैयाराम चंद्राकर, विद्यादेवी साहू, योगेश्वर साहू धमतरी, ललित ठाकुर, आरएल चंद्राकर, नीतू खिलावन साहू समेत अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। 95 वर्षीय पेंशनर्स दीनदयाल साहू व त्रिभुवनलाल साहू को प्रतीक चिन्ह तथा शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र नाग ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में तहसील शाखा मगरलोड अध्यक्ष एनआर साहू, दयाराम साहू सचिव, आरके यादव सहसचिव, बीआर नाग कोषाध्यक्ष, कोमलराम साहू, रामजी सोनी सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन आत्माराम साहू प्रभारी प्राचार्य शाउमावि मगरलोड ने किया।

# ग्राम पंचायत फुसेरा ने किया सेवाभावी मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम पंचायत फुसेरा में मितानिनों का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्राम की स्वास्थ्य सेवा में भागीदारी निभाने वाली मितानिनों शकुंतला साहू, पूर्णिमा ध्रुव, लीलेश्वरी साहू, इंद्राणी विश्वकर्मा को फुसेरा सरपंच पूजा साहू ने कंबल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न सेवाओं को जनता तक पहुंचाने में मितानिनों की अहम भूमिका है। जब से मितानिनों की नियुक्ति गांवों में हुई है तबसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लोगों में बढ़ी है। टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि में सुधार हुआ है।

मौके पर लोकेश साहू जनपद सदस्य, उपसरपंच तुलसीराम भीमो, सचिव केसरी साहू,पंचगण राजेश साहू, परदेसी राम साहू, सुरेश तारक, प्रमिला साहू, सविता लहरी, चमेली नेताम, साधना साहू, पुष्पा साहू , सोमलता साहू, श्यामलाल नेताम रोजगार सहायक, ममता साहू पंचायत ऑपरेटर, चंद्रशेखर कोटवार, देववती पंचायत सेवक उपस्थित थे।

श्रीफल और गमछा भेंटकर किसानों को किया सम्मानित

# दर्रा सोसाइटी में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति दर्रा में किसान सम्मान समारोह एवं नवमनोनीत प्राधिकृत अधिकारी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दर्रा सोसाइटी अंतर्गत आने वाले ग्राम दर्रा, खर्रा, परसट्ठी के किसानों को श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू व विशिष्ट अतिथि नवमनोनीत प्राधिकृत अधिकारी नरेंद्र ध्रुवंशी, पूर्व जनपद सदस्य देवेन्द्र साहू थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने किसानों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी दिलीप साहू, अजय कश्यप सरपंच प्रतिनिधि खर्रा, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक कोमलचंद साहू ने किया। लिपिक सहऑपरेटर मुकेश साहू ने कविता प्रस्तुत की।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


राजनीतिक कार्य वजीब दाम में
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### दिव्यांग शिक्षक का हुआ सम्मान



**धमतरी।** छग शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस पर समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक घनश्याम सिंह साहू को श्रवण बाधित विद्यालय धमतरी के सभाभवन में डिप्टी कलेक्टर एक्का ने श्रीफल, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती उमा देवांगन प्रभारी उपसंचालक, नेताम मेडम, श्री जायसवाल, मनोहर, चंद्रकांत साहू समेत समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### 12 बच्चों ने दिलाई संगीत की परीक्षा





**धमतरी।** रिदम राम रंग एकादमी द्वारा संगीत की परीक्षा आयोजित की गई। इस सेंटर को चंडीगढ़ संगीत महाविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। इस साल 12 बच्चों हरशिव गुप्ता, थर्व साहू, प्रशि प्रजापति, गुनाज्ञ वैदय, गोपीचंद साहू, संजय ख्रिष्टि, तीजन पटेल, नवीन सोनी, पीयूष सोनी, रजत गुप्ता, यशराज महावर, सुरेश यादव ने संगीत की परीक्षा दिलाई। परीक्षा लुकेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हुई। यह जानकारी भूषण सिंह पटेल अध्यक्ष व संचालक ने दी है।

### पेंशनर्स सम्मेलन में जिले के पेंशनर हुए शामिल



**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण का 23वां पेंशनर्स डे सम्मेलन महेश गागड़ा पूर्व वन मंत्री छग के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष छग पेंशनधारी कल्याण संघ की अध्यक्षता एवं डीएस राम अध्यक्ष बीजापुर के संयोजन में मंगल भवन बीजापुर में संपन्न हुआ। छग पेंशनधारी कल्याण संघ जला धमतरी के अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में प्रांतीय संगठन सचिव राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, अरूण कुमार गौर, सेवकराम नेले, भरत लाल साहू, भीखम साहू, राधेश्याम साहू, गोपाल साहू, मोतीलाल फुटान एवं नेगूराम साहू शामिल हुए। सभा को कृपाशंकर मिश्रा, केके द्विवेदी रतनलाल, कैवर्त्य, डॉ. डीपी मनहर, राजकुमार मिश्रा व सेवकराम नेले ने संबोधित किया। धमतरी टीम को चित्रकोट, बारसूर एवं मां दंतेश्वरी का दर्शन लाभ मिला।

### शारदा को मिली अनुकम्पा नियुक्ति



**धमतरी।** लोक निर्माण विभाग धमतरी में कार्यरत अकुशल श्रमिक संतोष कुमार मेहत्तर की मृत्यु होने के मद्देनजर उनकी पत्नी श्रीमती शारदा मेहत्तर को कार्यभारित स्थापना में अकुशल श्रमिक के पद पर नियमित वेतन बैंड 4700-7440-ग्रेड वेतन 1300 में प्रतिमाह तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते पर अस्थायी तौर पर अनुकम्पा नियुक्ति करते हुए लोक निर्माण विभाग धमतरी में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्रीमती शारदा मेहत्तर को अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी आदेश पत्र को सौंपा। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संतोष नेताम ने बताया कि अनुकम्पा संबंधी आदेश जारी होने के 15 दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में कार्य ग्रहण करना होगा। नियत अवधि में उपस्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत न करने पर नियुक्ति आदेश स्वमेव समाप्त माना जाएगा। इस अवसर कार्यपालन अभियंता नेताम सहित विभागीय स्टाफ रूपेन्द्र विक्रमा भी उपस्थित थे।

### मरौद में श्रीमद्भागवत महापुराण शुरू, निकली कलशयात्रा





**सिर्री।** ग्राम मरौद के नंदी चौक में भूखनलाल सिन्हा एवं उनके परिवार द्वारा 19 से 27 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पं.सूर्यकांत शास्त्री महाराज हैं। गुरुवार को परिवार की महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारणकर कलशयात्रा निकाली गई और गांव में भ्रमण किया गया। शुक्रवार को कथावाचक ने दोपहर 1 से 5 बजे तक परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। 21 दिसंबर को कपिल अवतार, 22 को वामन अवतार, 23 को श्रीराम कृष्णा जमनोत्सव, 25 को रुक्मणि विवाह एवं 26 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। पश्चात 27 दिसंबर को हवन महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### स्वर्ण प्राशन से पुष्ट हो रहा देश का भविष्य

देखते हुए धीरे-धीरे स्वर्ण प्राशन करने वालों की बच्चों की बढ़ रही है। इनकी संख्या 250 से पार हो चुकी है। पहले सिर्फ कलेक्टोरेट कॉलोनी, रुद्री सहित आसपास के पालक ही अपने बच्चों को लेकर स्वर्ण प्राशन के लिए आते थे, लेकिन 20 माह में ही इसका विस्तार धमतरी जिले को पारकर दूसरे जिले तक हो गया है। धमतरी जिले के कई हिस्सों से लोग बच्चों को लेकर स्वर्ण प्राशन करवाने पहुंच रहे हैं। इसके अतिरिक्त मोखा, गुरूर, पुरूर सहित आसपास के 25-30 किमी दूर से लोग अपने बच्चों को लेकर स्वर्ण प्राशन के लिए पहुंचने लगे हैं।

यात्री प्रतीक्षालय में पीने का साफ पानी, पंखे का अभाव, परिसर में आवारा पशुओं का जमघट

# बस स्टैंड में फैली अव्यवस्था, यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर का एकमात्र बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुका है। सुविधाविहीन इस बस स्टैंड में यात्री हमेशा परेशान रहते हैं। धूप और बारिश में परेशान रहते हैं तो रात में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठता है।

खपरी में नए बस स्टैंड के लिए यहां की जनता को 20 साल से ज्यादा समय से इंतजार करना पड़ रहा है। चूंकि मौजूदा बस स्टैंड नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है, इसलिए सुबह से ही गाड़ियों की रेलमपेल शुरु हो जाती है। छोटी जगह होने के कारण 10 से 15 बसें ही खड़ी हो जाती हैं, बाकी बसों को आड़ा तिरछा खड़ा होना पड़ता है। बस स्टैंड के बाहर रोड में ही सवारी



भरनी पड़ती है। रोड में खड़ी बस के कारण यातायात प्रभावित होता है। बसों को टर्निंग लेने में चालकों को परेशानी होती है।

यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गंदगी के कारण यात्री वहां बैठना ही नहीं चाहते। पीने का साफ पानी, पंखे का अभाव है। शुद्ध पेयजल के लिए निगम में वाटर एटीएम पर निर्भर रहना पड़ता है, वह भी कभी भी खराब हो जाता है जो महीनों तक नहीं बन पाता। पूरे परिसर में आवारा पशुओं का जमघट रहता है। गंदगी से हर कोई परेशान है। रात्रि में गंजेड़ियों एवं शराबखोरों का बोलबाला रहता है।

दैनिक यात्री खिलावन सेन, राम अवतार साहू, उदयराम चंद्रवंशी, निर्मल सिन्हा, रामसेवक पैकरा, निरंजन मरकाम, नारायण सिन्हा, साहूकार का कहना है कि वे कई साल से कामकाज और नौकरी के सिलसिले में रोज सुबह बस से सवार होकर शाम को 8-9 बजे वापस आते हैं। दिन भर की काम से थकावट होने पर बस स्टैंड में आराम नहीं मिलता। बस से उतरकर सीधे घर की रवानगी करते हैं। रात होते ही नशेड़ियों की गाली-गलौज और गुंडागर्दी शुरु हो जाती है। बात-बात पर मारपीट जैसी नौबत आती है। रात्रिकालीन यात्री बाहर से ही बस का इंतजार करते हैं। सुरक्षा के अभाव में यात्री और दुकानदार असहाय हो जाते हैं। ऐसा ही कई घटनाएं बस स्टैंड में हो चुकी हैं जिसकी वजह से सभ्रांत परिवार के लोग चुप रहते हैं।

व्यवसायियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि परिसर में दोपहिया, तीनपहिया व चारपहिया वाहन यत्र- तत्र खड़े रहते हैं जिससे बसों के आवागमन में परेशानी होती है। परिसर में पीछे खाली दुकानों के आसपास रातभर नशेड़ी बैठे रहते हैं। दुकान बंद होते ही परिसर में नशापान करते हैं जो यात्रियों एवं दुकानदारों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। बस स्टैंड में पुलिस की गश्त बढ़ानी चाहिए। रात में जवानों की तैनाती होनी चाहिए। विद्युत व्यवस्था बदहाल है। लाइट कभी भी बंद हो जाती है जो काफी दिनों बाद बनती है।

### मरौद स्कूल के छात्र शासकीय योजनाओं से हुए रूबरू

**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आश्रम, छात्रावासों में खेल, प्रश्नोत्तरी, कहानी लेखन, वाद-विवाद, नृत्य, भाषण, चित्रकला, निबंध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आदिवासी कन्या आश्रम सलोनी में खेलकूद कराया गया एवं प्रश्नोत्तरी मंच का आयोजन किया गया। फुगड़ी में 11 बच्चे, कबड्डी में 14 बच्चे, रिलेरेस में 8 बच्चे, कुर्सी दौड़ और 50 मीटर दौड़ में नौ-नौ बच्चे तथा 55 बच्चे प्रश्नोत्तरी में भाग लिए। प्री-मेट्रिक अजजा बालक छात्रावास रिसगांव में जनजातीय वीरों पर आधारित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कन्या छात्रावास मगरलोड में आयोजित कार्यक्रम में डांस में 40, वाद विवाद में 12, क्विज प्रतियोगिता 16, दौड़ में 30, खोखो में 20 और बॉटल गेम में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## जनभागीदारी समिति की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर बनी सहमति



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में जनभागीदारी समिति की बैठक अध्यक्ष नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रभा वेरूलकर ने बैठक में एजेंडों की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय को वेबसाइट से अपडेशन करने, बीए राजनीति विषय में कक्षा शुरू करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने सभी एजेंडों पर अनुमति दी। महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव 4 जनवरी को होगा। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को स्नातक करने के बाद स्नाकोत्तर के लिए कुरूद, धमतरी, रायपुर जाना पड़ता है। इसके लिए जनभागीदारी समिति सदस्य मुख्यमंत्री से मिलकर मांग करेंगे।

बैठक में समिति सदस्य शत्रुघ्न साहू, बीआर नाग, दिनेश अग्रवाल, नारायण ध्रुव, पवन निषाद, मुरली सिन्हा, भुनेश्वरी ठाकुर, अशोक साहू, डाकुवर साहू, वरिष्ठ सहायक अध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, सहायक प्राध्यापक निरूपा साहू, पीयूष वाही, खोमेश्वर निषाद, विजय सिन्हा उपस्थित थे।

### जाति प्रमाण- पत्र बनवाने में अब नहीं होती देर

**धमतरी।** अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को अब जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विभागों का चक्कर नहीं लगाना पड़ता, अब उन्हें जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र मिल जाता है। गोकुलपुर वार्ड के सुनील यादव ने बताया कि उसने बारहवीं कक्षा की परीक्षा पास की है और कॉलेज में एडमिशन के लिए जाति प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ी। उन्होंने नजदीक के च्वाईस सेंटर में आवेदन प्रस्तुत किया और 15 दिन में जाति प्रमाण पत्र बनकर उनके हाथों में आ गया। इसी तरह कॉलेज स्कॉलरशिप के लिए जुगलाल, डिकेश नेताम और हेमलाल मरकाम ने भी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया और उनका आवेदन जल्द ही मिल गया। वे बताते हैं कि पहले जाति प्रमाण पत्र बनने के लिए 6 माह से अधिक का समय लग जाता था, किन्तु अब ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बन जाता है, जिससे काफी साहूलियत होती है और समय पर जाति प्रमाण-पत्र मिल जाता है।

## राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

- कहा : संविधान की रक्षा के लिए विपक्ष संघर्षरत रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद द्वारा राहुल गांधी पर अनावश्यक एफआईआर किये जाने व देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर का अपमान किये जाने का विरोध पुराना बाजार कुरूद में जमकर नारेबाजी व तख्ती लहराकर किया गया।

कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा की तानाशाह व दमनात्मक नीति के चलते विपक्ष को अपनी बात रखने, उनकी अभिव्यक्ति की आजादी, विरोध प्रदर्शन को रोकने, जनता के मुद्दों से भटकाने का षड्यंत्र करते आ रही है। जनता सब जानती है। उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता। संविधान की रक्षा के लिए विपक्ष संघर्षरत हैं। राहुल गांधी पर लगाये आरोप बेबुनियाद हैं। उन पर एफआईआर दर्ज करना अशोभनीय है।

आगे कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा देश के भारत रत्न, संविधान निर्माता व देश के प्रेरणा स्त्रोत भीमराव अम्बेडकर का माखौल उड़ाना शर्मनाक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुश्री राजकुमारी दीवान, नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकार, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व सेवादल प्रदेश संयोजक रवि शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, प्रमोद साहू,पूर्व नपं सभापति मनीष साहू, रोशन जांगड़े, जिला महामंत्री देवेन्द्र चन्द्राकर, पार्षद रजत चन्द्राकर, देवव्रत साहू, उत्तम साहू, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पप्पू राजपूत, महिम शुक्ला सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## आज से कुरुद में डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता

- शुभारंभ अवसर पर आयेंगे भारतीय क्रिकेट टीम के मशहूर गेंदबाज ईश्वर पांडे
- स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में खेल प्रेमियों के लिए हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद के तत्वाधान में स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में लेदर बाल से डबल विकेट मैच प्रतियोगिता का अनोखा आयोजन 21 दिसम्बर से खेल मेला मैदान में किया गया है। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर, गोपाल राव पूर्व रणजी खिलाड़ी, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नपं कुरूद, रविकांत चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एवं धोनी ब्रिगेड के





सुपरस्टार क्रिकेटर मशहूर गेंदबाज ईश्वर पांडे करेंगे।

टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरूद के तत्वावधान में डबल विकेट लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से 25 दिसंबर तक चलेगी। सफेद लेदर बॉल वाला यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला टूर्नामेंट होगा जो दर्शकों को पूरी तरह मनोरंजन देने वाला होगा। साथ ही फटाफट क्रिकेट की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक होने जा रहा है। 4-4 ओवर खेले जाने वाली यह क्रिकेट प्रतियोगिता अनेक नए नियमों से सुसज्जित होगी। सिर्फ 2 खिलाड़ी ही 1 टीम में शामिल होंगे। वहीं 2 खिलाड़ी बैटिंग और बॉलिंग करेंगे। शेष फील्डर आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। दोनों ही टीमो को पूरे 4 ओवर खेलना खेलना होगा। चाहे कितनी भी बार आउट होंगे। अंतिम बॉल तक खेल जारी रहेगा। हर आउट पर 5 रन माइनस होते जाएगा, ऐसी भी परिस्थिति बन सकती है, जीत-हार का निर्णय माइनस रन से भी हो सकता है। टारनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद में लेदर बॉल से खेलने वाली पहली टीम है जिसके जनक स्व.विनोद गोस्वामी रहे हैं। श्रद्धांजलि स्वरूप उनकी स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। विजेता टीम को 51000, उपविजेता को 31000 और तृतीय पुरस्कार 11000 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रदेश व प्रदेश से बाहर की टीम शामिल हो रही है।

### निधन : पुष्पा जसूजा

**धमतरी।** महालक्ष्मी फेस 2 सिहावा रोड निवासी चंदन जसूजा की पत्नी श्रीमती पुष्पा जसूजा 68 वर्ष का निधन हो गया।



शुक्रवार को निवास स्थान से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे अनिल, मनोहर, सुनील, दीपक की मां, किशोर, लालचंद, शांति, चिमन की भाभी, कुणाल, सोमिल, ओजस, भव्य की दादी तथा विकास धावना की सासू मां थीं।

## क्रिकेट में चर्रा की टीम ने मारी बाजी



- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चर्रा में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता
- कुरुद थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव की 4 टीमों ने लिया था हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस थाना कुरूद द्वारा ग्राम चर्रा में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों के ग्राम चर्रा, कोकड़ी, छाती, खैरा की टीम ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में ग्राम चर्रा की टीम प्रथम रही जिसे 2000 रुपये एवं ग्राम छाती की टीम को द्वितीय पुरस्कार 1000 रुपये, शील्ड व ट्राफी दी गई। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी टीमों को एक-एक सेट बेट-बॉल दिया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी कुरूद श्रीमती रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक अरुण साहू एवं थाना कुरूद स्टॉफ सहित चर्रावासी एवं युवा उपस्थित थे।

## मानव जीवन अनमोल, इसे व्यर्थ न गंवाए : निष्ठा साहेब



- सिर्री में दो दिवसीय सत्संग का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री निवासी राजकुमार साहू, ठाकुरराम साहू, लीलाराम साहू परिवार द्वारा अटल चौक में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 20 और 21 दिसंबर को आयोजित है। निष्ठा साहेब प्रवचन दे रहे हैं। सुबह 10 से 1 बजे तक एवं 3 से शाम 5 बजे तक श्रोतागण प्रवचन का लाभ उठाने उमड़े।



शुभारंभ दिवस पर प्रवचन में सद्गुरु निष्ठा साहेब ने बताया कि मानव जीवन अनमोल है। इसे किसी भी प्रकार के व्यर्थ कार्यों में न गवाएं।

अपनी कमाई के धन और प्रकृति द्वारा प्रदत्त अनमोल चीजों को व्यर्थ खर्च नहीं करना चाहिए। अहंकार से भरे मानव की बुद्धि दिग्भ्रमित हो जाती है फिर वह मानव जीवन के उद्देश्यों को भूलकर गलत राह पर अग्रसर हो जाता है। इस पर मनुष्यों को गहराई से विचार करना चाहिए। प्रवचन के साथ भजन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आरती हुई। सत्संग सुनने समीपस्थ गांवों के श्रोता भी आये थे।

### नगरी में घासीदास जयंती मनाई गई

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रं 15 में गुरु घासीदास बाबा का 268वां जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। घासीदास के छायाचित्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दोनर में मड़ई 22 को

**धमतरी।** ग्राम दोनर में ग्रामवासियों के सहयोग से 22 दिसंबर रविवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर धरोहर कन्हारपुरी बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच अवनेंद्र लहरे, कुबेर चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, तुकेश साहू, सुभाष सोनवानी, चंद्रेश, यशवंत जुटे हुए हैं।

### सिरौदखुर्द में मानस महोत्सव 31 से

**कुकरेल।** ग्राम में सिरौदखुर्द में मानस महोत्सव का कार्यक्रम 31 दिसम्बर से 2 जनवरी तक रखा गया है। 7 जनवरी को मड़ई होगी। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छिपली (जामली) का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष चन्द्रहास साहू, ग्राम प्रमुख अनूप सेन, योगेश यादव, ईकेश ध्रुव, अजय यादव, नीलमणि, मोबिन यादव, हरिओम जुटे हैं।

### भंवरमरा में मड़ई मेला 28 को

**मगरलोड।** ग्राम भंवरमरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 28 दिसंबर शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी माटीकसा अंबागढ़ चौकी मोहला मानपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सागर निषाद, पेखन साहू, इंदल ध्रुव ने दी है।

### बीरू, अनीता 25 को जिले के प्रवास पर रहेंगे

**धमतरी।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव बीरू साहू और सहायक अनुसंधान अधिकारी श्रीमती अनाता डेकाटे 25 दिसम्बर को धमतरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस दौरान वे जिले के विभिन्न क्षेत्र में अध्ययन, अनुसंधान एवं संबंधित जातियों के संबंध में चर्चा करेंगे।

### मानस गोष्ठी में सम्मानित हुए व्याख्याकार

**कोर्रा(भखारा)।** श्री मानस गोष्ठी गुजरा के तत्वावधान में ग्राम डोटोपार के गायत्री मंदिर परिसर में मासिक मानस गोष्ठी का आयोजन किया गया। चंपारण में आयोजित छग स्तरीय युवान मानस व्याख्यान प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार का स्थान प्राप्त करने पर युवराज सिन्हा एवं महेन्द्र साहू को मानस गोष्ठी गुजरा परिवार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पं. योगेश्वर उपाध्याय, वेदप्रकाश वर्मा, टीकाराम साहू, चेतन, दुलार देवांगन, नारायण सिन्हा, दीपक सिन्हा, उत्तरा गंजीर, वंदना साहू, चिरंजीवलाल हिरवानी उपस्थित रहे।

### कन्या कालेज में औषधीय पौधों पर हुआ व्याख्यान

**धमतरी।** औषधीय पौधे एवं उसके प्रयोग विषय पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एनएस दहारे विभाग अध्यक्ष शासकीय बीसीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने औषधीय पौधों और उसके विभिन्न बीमारियों में होने वाले प्रयोग के विषय में छात्राओं को पावर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी।

अंतराकला परिषद और भारतीय जैन संगठना का आयोजन

# भूले बिसरे सुरमयी गीतों ने दर्शकों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी






स्थानीय विमल छबिगृह में बीते गुरुवार की रात्रि अंतराकला परिषद एवं भारतीय जैन संगठना महिला शाखा द्वारा भूले बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गाना गाया। गायिकी ऐसी थी कि दर्शक कार्यक्रम खत्म होते तक कुर्सी से चिपके रहे। सदाबहार गानों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के सहायतार्थ नकद राशि का वितरण हुआ।

मशहूर कलाकार राजकपूर की फिल्मों के गीत किसी की मुस्कुराहट पे, होंठों पे सच्चाई रहती है से शुरू हुए, कार्यक्रम ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। यह गीत आंचल शर्मा ने बड़ी अदब से गाते हुए स्व. राजकपूर को श्रद्धांजलि दी।

प्रशन्ना राव ने तुमने मुझे देखा, तेरी प्यारी प्यारी सूरत को गाकर सबको रोमांचित कर दिया। सुरभि ने आओ हुजूर तुमको, आजा परदेशी रे गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आने वाला पल जानेवाला है, इक अजनबी हसीना से गाकर तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। आंचल और सुरभि ने संयुक्त रूप से मेरा दीवानापन, मेरा प्यार भी तू है गाकर लोगों को गदगद कर दिया। प्रशन्ना और सुरभि ने वादा कर ले साजना, मधुबन में राधिका गाकर हाल को श्रृंगार रस से भर दिया। दिल क्या चीज है, गाता रहे मेरा दिल जैसे गीत गाकर सुरभि ने तालियां बंटोरी। इसी तरह अन्य गायकों ने तू इस तरह से, दोस्त, दोस्त न रहा, कभी-कभी मेरे, जिंदगी प्यार का गीत, ये जो मोहब्बत है, नीले-नीले अंबर पर आदि गानों ने धूम मचा दिया। कार्यक्रम रात 11 बजे तक चला। 5 घंटे के इस कार्यक्रम में दर्शकों ने सदाबहार गानों का खूब आनंद उठाया।

मुंबई और नागपुर से पहुंचे गायक कलाकारों में प्रसन्ना राव, मधुसुदन चटर्जी, आंचल शर्मा, सुरभि शामिल हैं। वायलिन ग्रुप में जितेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, चंदन नारायणदत्त वर्मा, एरोल मोनसेरात थे। तबला, हारमोनियम में सचिन ढोमणे, कांग्रो ड्रम में अनिकेत दहीकर, आक्टोपेड में नंदू गोहणे, साइड रिदम में विक्रम जोशी, सींथे साइबर में परिमल जोशी, गिटार में मनोज चीरागले, बांसुरी-सेक्सोफोन में शिवलाल यादव तथा साउंड सिस्टम में ऋषभ ढोमणे ने सहयोग किया। मंच संचालन सुमित्रा जोशी इंदौर ने किया।

मौके पर संस्था के पदाधिकारी श्रीमती सूर्या लुंकड़, मनोज लुंकड़, विकास गोलछा, जोन अध्यक्ष वंदना चौरड़िया, राशि राखेचा, शिल्पा पारख, जोन सचिव कुशल चोपड़ा, जिलाध्यक्ष आकाश कटारिया, सचिव मोहनी गोलछा, चेप्टर अध्यक्ष सरला पारख, चंचल लुंकड़, संगीता गोलछा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, डॉक्टर, वकील, समाजसेवी, नेता, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक आदि ने गीतों का भरपूर आनंद उठाया।

### यह अंतिम प्रस्तुति : डॉ. श्रीदेवी चौबे

अंतराकला परिषद की संरक्षक डॉ. श्रीदेवी चौबे ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संस्था का यह आखिरी कार्यक्रम है। यह 31वें वर्ष की प्रस्तुति है। इस अवसर पर अंतरा कला परिषद के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष सविता छांटा, कोषाध्यक्ष आकाश गिरी गोस्वामी, सहसचिव अजय नामदेव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 60 दिव्यांगजनों को नकद राशि मिली

कार्यक्रम में जिले के 60 दिव्यांगजनों को ढाई-ढाई हजार रूपये की नकद राशि संस्था की ओर से दी गई। राशि का वितरण भारतीय जैन संगठना की महिला शाखा की ओर से दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह संस्था विगत चार वर्षा से इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभा रही है।

# विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर, सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 वां राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का निःशुल्क आयोजन 22 दिसंबर को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में किया जा रहा है। विकलांग परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र पांडे, राजेश अग्रवाल, सहसंयोजक घनश्याम पोद्दार, श्रीमती अनुराधा दुबे, राघवेंद्र मिश्रा, रामगोपाल सैनी एवं विकलांग चेतना परिषद के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल व महामंत्री संतोष तिवारी ने बताया कि पंचम सामूहिक विवाह समारोह में 92 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था जिसे लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समारोह व विशिष्ट अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा व सतना मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी होंगे।

अध्यक्षता विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉ विनय पाठक करेंगे। तय जोड़ों का सामूहिक विवाह 15-16 फरवरी 2025 को आशीर्वाद भवन रायपुर में होगा। पंजीयन की अंतिम तारीख 10 फरवरी है। जिला धमतरी से यशवंत सिन्हा मानसिक एवं दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र के पास पंजीयन करा सकते हैं।

# नगरीय निकाय संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव से चर्चा के बाद दो मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



उपमुख्यमंत्री अरुण साव से चर्चा के बाद दो मांगों पर बनी सहमति के बाद नगरीय निकाय संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दी है। ज्ञात हो कि 184 नगरीय निकायों के नियमित अधिकारी कर्मचारी 11 दिसंबर से 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। इससे नगरीय निकाय के सभी प्रकार की मूलभूत सेवाएं बाधित रही। 18 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री से संघ के पदाधिकारी से चर्चा हुई। इस दौरान दो बिंदुओं निकाय में ओल्ड पेंशन लागू करने, शीघ्र ही अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने पर सहमति बनी। जिसके बाद संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की समाप्ति कर दी गई। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरीय निकाय के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री द्वारा शीघ्र ही सभी मांगे पूर्ण किए जाने की सहमति दी गई है। बैठक में मुकेश तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष, विकास मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता, संदीप चंद्राकर प्रदेश कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा संरक्षक उपस्थित थे। यह जानकारी अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश सचिव ऋषभ राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शेरखान, प्रदेश महासचिव तरुण गजेंद्र, प्रदेश प्रवक्ता मंगलू निर्मलकर, जिला अध्यक्ष देवेश चंदेल ने दी है।

# जनपद सदस्य ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रुद्री क्षेत्र के जनपद सदस्य जागेंद्र साहू ने अपने जनपद क्षेत्र रुद्री में 15 वें वित्त जनपद निधि से 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 1 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 19 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 17 में ज्योति कलश कक्ष जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया गया।

मौके पर सरपंच श्रीमती अनीता यादव, सुशीला चंद्रवंशी, राममिलन साहू, रितेश साहू, हरीश चंद्रवंशी, गोपाल शर्मा, ओपी सिंग, पूनम शर्मा, राहुलदास मानिकपुरी, संतोष अय्यर, सुजाता ध्रुव, पूर्णिमा नेताम, प्रांजल ध्रुव उपस्थित थे। ग्राम करेठा के शीतला मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच संजय भोसले, सेवक राम सिन्हा, विनोद नेताम, लोकेश गायकवाड़, सोहन सिन्हा, अजय गार्डिया उपस्थित थे।

# शहर में जगह-जगह जलाए गए अलाव




- लोगों को ठंड से मिलेगी राहत, नगर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर निगम ने शहरवासियों को राहत देने के लिए जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, जिला अस्पताल परिसर, मकई चौक में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। यह कदम ठंड से जूझ रहे लोगों विशेषकर गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है।

नगर निगम आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि अलाव जलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में लकड़ियां उपलब्ध कराई जाएं और उनकी नियमित निगरानी की जाए। सुबह और रात को अलाव जलाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि अलाव जलाने वाले स्थानों पर कोई दुर्घटना न हो। आसपास के लोगो को इसके लिए जागरूक किया गया है। आयुक्त ने जनता से अपील की है कि ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें और अगर कहीं अलाव जलाने की आवश्यकता हो, तो इसकी जानकारी नगर निगम को दें। नगर निगम के इस प्रयास से शहर के लोगों को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि ठंड के पूरे मौसम में यह व्यवस्था जारी रहेगी।

# भाजपा नेता की मुश्किलें बढ़ी, एमपी पुलिस ने एक सप्ताह के लिए रिमांड पर लिया

प्राथमिकी पूछताछ में रामस्वरूप ने धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता से किया इंकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भखारा क्षेत्र के भाजपा नेता रामस्वरूप साहू की मुश्किलें बढ़ गई है। एमपी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में श्री साहू ने सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड एवं लैंड डेव्हलपर्स कम्पनी में संलिप्ता से इंकार किया है। सूत्रों के अनुसार धोखाधड़ी का मामला वर्ष 2021 का है जिसमें रामस्वरूप साहू सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड नामक चिटफंड कंपनी में शेयर होल्डर थे। इसे भोपाल, देहरादून सहित अन्य स्थानों के डायरेक्टर संचालित कर रहे थे। इसमें निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के मामले में धारा 420,409 कायम है। इस मामले में एक शेयर होल्डर की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

जांच में रामस्वरूप साहू का नाम भी संलिप्ता में सामने आया है। बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में और लोगों की जानकारी लेने रामस्वरूप साहू को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। इस बीच पूछताछ में उन्होंने सुविधा नामक कम्पनी में धोखाधड़ी के मामले पर अपनी संलिप्ता से साफ इंकार करते हुए उनका नाम जबरदस्ती घसीटे जाने की बात कही है। फिलहाल वे सप्ताहभर के लिए पुलिस अभिरक्षा में दिन रात गुजार रहे हैं। उन्हें छुड़ाने गये उनके परिजन भोपाल से खाली हाथ लौट आए हैं।

### तीन अन्य अब भी फरार

बता दें कि छग में सुविधा फार्मिंग के लिए भखारा रायपुर रोड में ग्राम कचना के पास सड़क किनारे करीब सवा छह एकड़ कृषि भूमि है। जहां कम्पनी का कार्यालय संचालित होता था। इसकी कीमत वर्तमान में लगभग 10 करोड़ होगी। उक्त भूमि को तहसीलदार ने विगत पांच साल पहले शिकायत होने पर डेढ़ करोड़ में नीलाम कर कुछ निवेशकों के रुपए लौटाये थे। जबकि प्रशासन द्वारा की गई भूमि नीलामी पर कुछ व्यक्तियों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए न्यायालय में केस दर्ज कराया है। मामला लंबित हैं। इस मामले में परदेशी राम साहू की गिरफ्तारी व जेल दाखिल हो चुका है जो अभी जमानत पर है। तीन डायरेक्टर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जो स्थान बदल-बदलकर पुलिस को चकमा देकर अभी तक बचे हुए हैं। वहीं मध्यप्रदेश वाले मामले में रामस्वरूप साहू अब बुरी तरह फंस चुके हैं जिन्हें बीते सोमवार 16 दिसम्बर की सुबह मध्यप्रदेश पुलिस की टीम उन्हें उनके गृह निवास जोरातराई (अंवरी) से गिरफ्तार कर ले गई है।

### पांच साल पहले क्षेत्र में भी लांच हुई थी यह कम्पनी

पूरे मामले में यह भी जानकारी मिली है कि क्षेत्र में भी करीब 5 साल पहले सुविधा फार्मिंग एंड एलाइड लिमिटेड एवं लैण्ड डेवहलपर्स कम्पनी लांच की गई थी। इसके डायरेक्टर विनोद कुमार संकवार, राजेन्द्र करण राजपूत ग्वालियर तथा परदेशीराम साहू भेड़सर वर्तमान निवास रायपुर और रजनीश दत्ता रायपुर हैं। चारों ने क्षेत्र में घूम-घूमकर अपना एजेंट और शेयर होल्डर बनाया था जिसके माध्यम से लोगों से हजारों, लाखों रुपए निवेश कराया गया। निवेश की राशि से जमीन खरीदकर उसे सर्वसुविधायुक्त विकसित कर भूमाफिया को बेचते थे। इसी तरह फार्मिंग के तहत भी कृषि योग्य जमीन विक्रय करते थे। निवेश में कई बड़े छोटे लोगों के लाखों, करोड़ो रूपये फंस गये हैं।

# अमन आमदी मंडल अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार आमदी मंडल का अध्यक्ष अमन रिखम राव को मनोनीत किया गया। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा महामंत्री रामू रोहरा, प्रकाश बैस अध्यक्ष जिला भाजपा, पूर्व विधायकद्वय इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, चुनाव प्रभारी राजेन्द्र गोलछा, अविनाश दुबे महामंत्री जिला भाजपा, शशि पवार, कालीदास सिन्हा, कविन्द्र जैन, अरविंदर सिंह, श्यामादेवी साहू, मुरारी यदु, चेतन हिन्दुजा, बालाराम साहू, राजू चन्द्राकर, हेमंत माला, हेमंत चन्द्राकर, विजय साहू, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, तेजराम साहू, मानिक साहू, देवनारायण गजेन्द्र, तरूण साहू, दमयंती साहू, धनेश्वरी साहू, ज्योति साहू, तुलाराम, साकेत साहू का आभार माना।

### स्टेशनरी किट एवं कॉपी का किया वितरण

**धमतरी।** समग्र शिक्षा धमतरी के मार्गदर्शन में हुमाना पिपुल टू पिपुल इंडिया संस्था ने कदम प्रोग्राम के तहत शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने एवं ज्ञानात्मक अंतर को दूर करने के लिए स्टेशनरी किट एवं कॉपी का वितरण किया। राकेश कुमार सोनवानी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शाला त्यागी बच्च स्कूल आए और शिक्षा अध्ययन करें।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732










चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020